FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

**प्रेस नोट थाना मक्खनपुर दिनांक 17-06-2024 जनपद फिरोजाबाद।**

## थाना मक्खनपुर पुलिस एंव एसओजी / सर्विलांस टीम द्वारा दिनांक 12-06-2024 को मोबाइल स्नेचिंग की घटना करने वाले शातिर अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।

- **01 अभियुक्त रोहित शर्मा उर्फ लाला पुलिस मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से हुआ घायल।**
- **01 अभियुक्त निखिल पाराशर को भागने का प्रयास करते समय पुलिस टीम द्वारा किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्तों द्वारा दिनाँक 12-06-2024 को मोबाइल स्नेचिंग की घटना को दिया गया था अंजाम।**
- **01 अन्य अभियुक्त अनूप कुमार शर्मा उर्फ रुद्रा पण्डित अंधेरे का फायदा उठाकर फरार।**

- **अभियुक्तों के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 03 जिंदा कारतूस, 01 खोखा कारतूस, 01 मोटरसाइकिल व लूटा हुए 01 मोबाइल बरामद....**

दिनाँक 12.06.2024 को वादी द्वारा थाना मक्खनपुर पर तहरीर दी गयी कि अज्ञात बाइक सवारों द्वारा रास्ते में जाते वक्त मेरा मोबाइल छीन कर भाग गये है। वादी की तहरीर के आधार पर थाना मक्खनपुर पर मु0अ0सं0 156/24 धारा 392 भादवि0 पंजीकृत किया गया था।

घटना के खुलासे हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपर पुलिस अक्षीधक ग्रामीण के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के नेतृत्व में घटना के सफल अनावरण हेतु अभियुक्तों की तलाश की जा रही थी।

आज दिनाँक 17-06-2024 को थाना मक्खनपुर पुलिस एंव एसओजी / सर्विलांस टीम द्वारा इकरा स्कूल के पास एनएच-2 बाइपास सर्विस रोड पर चैकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार 03 युवक आते हुए दिखाई दिए। पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध प्रतीत होने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो वह अपनी मोटरसाइकिल पीछे मोड़कर भागने लगे परन्तु मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गयी। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर बैठे अभियुक्तों ने पुलिस टीम पर तमंचे से फायर कर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम द्वारा खुद को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ की गयी फायरिंग में 01 अभियुक्त के पैर में गोली लग गयी, जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया तथा 02 अन्य अभियुक्त भागने का प्रयास कर रहे थे जिनमें से 01 अभियुक्त को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। 01 अन्य अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल हो गया। घायल अभियुक्त की पहचान रोहित शर्मा उर्फ लाला के रुप में तथा दूसरे गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान निखिल पाराशर के रुप में हुई है। अभियुक्तों के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर, 01 अदद खोखा कारतूस, 03 अदद जिंदा कारतूस, 01 अदद मोटरसाइकिल अपाचे एवं 01 मोबाइल बरामद हुए है। घायल अभियुक्त को तत्काल उपचार हेतु जिला अस्पताल फिरोजाबाद भिजवाकर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरणः-**

अभियुक्तों ने पूछताछ के दौरान बताया गया कि साहब हम तीनों साथियों ने मिलकर दिनांक 12/13.06.2024 की रात्रि में ग्राम नैपई में मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया था, हम लोग रात मे हाईवे पर रास्ता चलते लोगों को चिन्हित कर उनका पीछा करते हुये तमंचा दिखाकर उन्हें रोककर उनसे मोबाइल फोन व पैसे लूटकर घटनाओ को अंजाम देते है। आज भी हम तीनों लूट की घटना को अंजाम देनें की फिराक में थे लेकिन आपके द्वारा हमें गिरफ्तार कर लिया गया है। अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने वाले हमारे साथी का नाम व पता अनूप कुमार शर्मा उर्फ रुद्रा पण्डित पुत्र सुनील निवासी श्रीराम गढ़ी थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद है।

**नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगणः-**

1. रोहित शर्मा उर्फ लाला पुत्र स्व0 गोकुल उम्र करीब 25 वर्ष नि0 जरिया नैपई थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद
2. निखिल पाराशर पुत्र भूरेलाल पाराशर उम्र करीब 20 वर्ष नि0 ग्राम मीतपुरा थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद

**बरामदगीः-**

1. 01 अदद तमंचा 315 बोर, 03 अदद जिन्दा कारतूस, 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर।
2. 01 अदद मो0सा0 सफेद रंग टीवीएस अपाचे UP-83-AB-3779 ।
3. 01 अदद लूटा हुआ मोबाइल।

**अभियुक्त रोहित शर्मा उर्फ लाला उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 490/21 धारा 392/411 भादवि0 थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 366/21 धारा 392/411 थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
3. मु0अ0सं0 448/23 धारा 189/504/506 भादवि थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
4. मु0अ0सं0 558/20 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
5. मु0अ0सं0 568/21 धारा 411/414 भादवि0 थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
6. मु0अ0सं0 569/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
7. मु0अ0सं0 156/24 धारा 392 भादवि थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।

**अभियुक्त निखिल पाराशर उपरोक्त का अपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 156/24 धारा 392 भादवि थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।

**अभियुक्त अनूप शर्मा उपरोक्त का अपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0स0 552/21 धारा 392/411 भादवि थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0स0 568/21 धारा 411/414 भादवि0 थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
3. मु0अ0सं0 366/21 धारा 392/411 भादवि थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
4. मु0अ0सं0 156/24 धारा 392 भादवि थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।

**गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्र0निरीक्षक श्री शिव कुमार चौहान थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।
2. एसओजी प्रभारी श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 राघवेन्द्र सिंह थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।
4. है0का0 996 धर्मवीर सिंह थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।
5. है0का0 439 जय नारायण एसओजी टीम जनपद फिरोजाबाद।
6. है0का0 736 सुशील कुमार एसओजी टीम जनपद फिरोजाबाद।
7. है0का0 380 हरवीर कुन्तल एसओजी टीम जनपद फिरोजाबाद।
8. है0का0 953 ललित शर्मा एसओजी टीम जनपद फिरोजाबाद।
9. का0 920 संदीप कुमार एसओजी टीम जनपद फिरोजाबाद।
10. का0 879 जयप्रकाश एसओजी टीम जनपद फिरोजाबाद।
11. का0 032 दीपक कुमार थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।
12. का0 1362 भूपेन्द्र सिंह थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।